# पारगमन (ट्रांज़िशन): स्कूल के लिए एक सकारात्मक आरंभ

**पारगमन सीखना और विकास कथन (Transition Learning and Development Statement) को पूरा करने में परिवारों की सहायता के लिए दिशानिर्देश**

## स्कूल के लिए सकारात्मक आरंभ क्यों महत्वपूर्ण है?

स्कूल के लिए सकारात्मक आरंभ से आपके बच्चे को बेहतर तरीके से सीखने में सहायता मिल सकती है और किंडरगार्टन से स्कूल जाने और फिर अपने भविष्य में सीखने में ख़ुशी महसूस हो सकती है। सकारात्मक पारगमन से आपके बच्चे के सीखने और विकास की निरंतरता में भी सहायता मिलती है, क्योंकि यह आपके बच्चे के पूर्व और वर्तमान के अनुभवों पर आगे निर्माण करके उन्हें सुरक्षित, आत्मविश्वास और संलग्न महसूस करने में सहायता देता है। स्कूल के लिए सकारात्मक आरंभ से उन्हें और अधिक अनुकूलनशील बनने में भी सहायता मिल सकती है।

## पारगमन सीखना और विकास कथन (Transition Learning and Development Statement) क्या है?

आरंभिक बचपन सेवाएँ, स्कूल, स्कूल के कार्यकाल से परे देखभाल (ओएसएचसी) [Outside School Hours Care (OSHC)] सेवाएँ और परिवार साथ मिलकर बच्चों के सीखने और सकुशलता के समर्थन के लिए काम करती हैं। वे पारगमन सीखना और विकास कथन (टीएलडीएस) [Transition Learning and Development Statement (TLDS)] का उपयोग करके जानकारी साझा करती हैं। जब हरेक बच्चा स्कूल जाता है, तो यह आरंभिक बचपन सेवा द्वारा लिखा जाता है।

टीएलडीएस आरंभिक बचपन सेवाओं और स्कूलों के बीच आपके बच्चे के सीखने, विकास और सकुशलता के बारे में जानकारी साझा करता है। टीएलडीएस आपके बच्चे के हितों, कुशलताओं और क्षमताओं का एक त्वरित दृश्य प्रदान करता है और आपके बच्चे के समर्थन के लिए व्यक्तिगत दृष्टिकोण और शिक्षण कार्यनीतियों की पहचान करता है।

टीएलडीएस के माध्यम से आपके बच्चे के स्कूल शुरू करते समय आपको उसके सीखने के बारे में समझने और उसका समर्थन करने में सहायता मिल सकती है। टीएलडीएस में निहित जानकारी से फाउंडेशन शिक्षकों को आपके बच्चे के बारे में जानने और उपयुक्त शिक्षा कार्यक्रमों की योजना बनाने में सहायता मिलती है। यदि आपका बच्चा ओएसएचसी (OSHC) में होगा, तो टीएलडीएस से वहाँ भी उसके समय की योजना बनाने में सहायता मिलती है।

टीएलडीएस में आपके बच्चे का नाम, जन्मदिन व फोटो, और साथ ही आपका नाम व संपर्क जानकारी सहित कुछ अन्य व्यक्तिगत विवरण शामिल होते हैं। इसमें आपके बच्चे को समर्थन देने वाले अन्य आरंभिक बचपन पेशेवरों के नाम और संपर्क विवरण भी शामिल हो सकते हैं।

स्कूल शुरू होने से पहले आप और आपका बच्चा स्कूल में पारगमन से संबंधित जिन गतिविधियों में साथ-मिलकर भाग ले सकते हैं, उनमें से एक गतिविधि अपने बच्चे के टीएलडीएस में योगदान देना है।

## मुझे अपने बच्चे के टीएलडीएस के लिए एक्सेस कैसे मिल सकती है?

आपके बच्चे की आरंभिक बचपन सेवा आपको ऑनलाइन टीएलडीएस टूल का लिंक देगी। टीएलडीएस को पूरा करने का सबसे अच्छा तरीका ऑनलाइन टीएलडीएस है।

यदि आप ऑनलाइन टूल का उपयोग नहीं कर सकते/ती हैं, तो आप इसके स्थान पर पेपर कॉपी की मांग कर सकते/ती हैं।

## मुझे टीएलडीएस का कौन सा हिस्सा भरना होगा?

*Section 1* और *1.1 को* आपके बच्चे के आरंभिक बचपन शिक्षक द्वारा भरा जाता है।

यदि आपका बच्चा विकासात्मक विलंब या विकलांगता से ग्रस्त है, तो *Section 1.2* को आपके बच्चे के आरंभिक बचपन शिक्षक द्वारा भरा जा सकता है। आपके बच्चे की सहायता करने वाले अन्य पेशेवर भी इस हिस्से में कुछ जोड़ सकते हैं।

*Section 2: The Child* को आपके बच्चे द्वारा किसी वयस्क के साथ मिलकर भरा जाता है, जिन्हें वह अच्छी तरह से जानता है। यह वयस्क आप, या उनके आरंभिक बचपन शिक्षक हो सकते हैं।

*Section 3: The Family* को आपको भरना होता है। आपका इनपुट महत्वपूर्ण होता है। इस भाग में आपके बच्चे के हितों को साझा करने में आपकी सहायता के लिए सवाल, और साथ ही स्कूल में अपने बच्चे के बारे में आपके विचार और उम्मीदें भी शामिल होती हैं। इन सवालों के जवाब देने से शिक्षकों और ओएसएचसी कर्मचारियों को (यदि लागू हो) आपके बच्चे के लिए प्रतिक्रिया करने और उसे समझने में सहायता मिल सकती है, जिससे उनके सीखने और विकास को समर्थन मिलेगा।

## टीएलडीएस को पूरा करने के बाद क्या होता है?

टीएलडीएस को पूरा करने के बाद आपका आरंभिक बचपन शिक्षक आपको इसकी एक संपूर्ण प्रति देगा।

आपका आरंभिक बचपन शिक्षक पूरे किए गए टीएलडीएस को आपके बच्चे के स्कूल और ओएसएचसी सेवा (यदि लागू हो) के साथ भी साझा करेगा।

यदि आप इस बारे में अनिश्चित हैं कि आपका बच्चा कौन से स्कूल में जाएगा, तो आपका आरंभिक बचपन शिक्षक आपको टीएलडीएस की एक दूसरी प्रति भी देगा। अपने बच्चे को भर्ती करते समय आप इसे स्कूल को दे सकते/ती हैं।

यदि आप *Section 3: The Family* को पूरा नहीं करते/ती हैं, तो इसके बावजूद भी आपके बच्चे का आरंभिक बचपन शिक्षक पूरे किए गए अन्य सेक्शनों को स्कूल और ओएसएचसी सेवा (यदि लागू हो) के साथ साझा करेगा और साझा की गई सामग्री की एक प्रति आपको देगा।

स्कूलों से प्राप्त अनुसंधान और फीडबैक ने इंगित किया है कि इस जानकारी को साझा करने से स्कूल के लिए सफलतापूर्वक पारगमन करने में समर्थन मिलता है। यदि आप अपने बच्चे के स्कूल के साथ टीएलडीएस को साझा नहीं करना चाहते/ती हैं, तो कृपया अपने बच्चे के आरंभिक बचपन शिक्षक के साथ इस बारे में चर्चा करें।

उपयुक्त और सुरक्षित जानकारी से विक्टोरिया के शिक्षा और देखभाल पेशेवरों को बच्चों की सकुशलता और संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक ज्ञान व जानकारी प्राप्त कर पाने में सहायता मिलती है।

और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.vic.gov.au/information-sharing-schemes-and-the-maram-framework पर जाएँ।

## और अधिक जानकारी के लिए

आप और अधिक जानने के लिए वेबसाइट www.vic.gov.au/transition-school-resources-families पर जा सकते/ती हैं।

यह जानकारी एक ही लिंक पर अनेक सामुदायिक भाषाओं में भी उपलब्ध है: www.vic.gov.au/transition-school-resources-families